हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार, 17 सितंबर 2025

13 खुशांत ने नेशनल एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में जीता स्वर्ण पदक



14 साइबर अपराध रोकने के लिए नई तकनीकों से लैस रणनीति तैयार



## खबर संक्षेप

### लाखों की हेरोइन सहित तस्कर को किया काबू

**फतेहाबाद।** नशा मुक्त अभियान के तहत फतेहाबाद पुलिस को कामयाबी मिली है। सीआईए टोहाना टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक शातिर तस्कर को लाखों रुपये मूल्य की हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए टोहाना टीम ने ऑफिसर्स कॉलोनी, टोहाना निवासी बन्टी सिंह उर्फ बिन्टी पुत्र सुल्तान को भूत मार्केट टोहाना के पास उस समय दबोचा, जब वह नशीले पदार्थ की तस्करी की फिराक में घूम रहा था।

### अग्रसेन जयंती समारोह 22 को फतेहाबाद में

**फतेहाबाद।** अग्रवाल सभा द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह का आयोजन सोमवार, 22 सितंबर को प्रातः 9:15 बजे अग्रवाल धर्मशाला में किया जाएगा। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता अग्रवाल सभा के प्रधान सुभाष गर्ग करेंगे। अग्रवाल सभा के सचिव सुरेंद्र मित्तल ने बताया कि समारोह का शुभारंभ महाराजा अग्रसेन चौक एवं अग्रवाल धर्मशाला स्थित महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण से होगा।

### सड़क हादसे में आरोपी चालक को किया काबू

**फतेहाबाद।** अपराध व यातायात नियमों के उल्लंघन के विरुद्ध सख्त रुख अपनाते हुए थाना शहर टोहाना पुलिस ने एक सड़क दुर्घटना के आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी प्रहलाद सिंह ने बताया कि रघुबीर उर्फ मोनू निवासी जिला जींद की शिकायत पर कार्रवाई की गई।

### फर्जी एनओसी बनाने के मामले में आरोपी पकड़ा

**फतेहाबाद।** आर्थिक अपराधों के विरुद्ध सख्त रुख अपनाने एवं शीघ्र कार्रवाई करने के तहत इकनोमिक सैल फतेहाबाद ने वाहन की फर्जी एनओसी तैयार करने के मामले में एक और सह-आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान प्रवीण पुत्र जयपाल निवासी किसराईटी, जिला रोहतक के रूप में हुई है।

### अवैध असला सप्लाई पर आरोपी दबोचा

**फतेहाबाद।** संगठित अपराध और गैंगस्टर नेटवर्क के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना भट्टूकलां पुलिस ने सफलता हासिल की है। गैंग के लिए अवैध हथियार उपलब्ध कराने के मामले में एक और सहआरोपी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुरेन्द्र कुमार पुत्र रोशन लाल निवासी नजदीक रेलवे स्टेशन, भट्टू कलां के रूप में हुई है।

### नाबालिग से दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

**भूना।** खंड के एक गांव में नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को मंगलवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में हिसार जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ओमप्रकाश ने बताया कि 14 सितंबर को पीड़िता ने शिकायत दी थी कि उसका पड़ोसी रोहित लंबे समय से उसे बहला-फुसलाकर दुष्कर्म कर रहा था।

### मारपीट के मामले में महिला आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में थाना शहर टोहाना पुलिस ने एक महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिला की पहचान भानी देवी पत्नी चिमन उर्फ चमन लाल निवासी गांव भाटला के रूप में हुई है। थाना प्रभारी प्रहलाद सिंह ने बताया कि इस बारे सलोचना पत्नी विरेन्द्र ने शिकायत दर्ज करवाई थी।

**अधिकारी बोले:** हिसार से आई टीम कर रही दुरूस्त, आज शुरू होगी सप्लाई

# गांव लहरियां पावर हाउस पर हंगामा ट्यूबवेल सप्लाई बहाल करने की मांग

**15 दिनों से 5 गांवों के ट्यूबवेलों की बिजली सप्लाई बंद**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भूना

पिछले 15 दिनों से 5 गांवों के ट्यूब्वैलों की बिजली सप्लाई बंद होने से खफा किसानों ने मंगलवार को पगड़ी संभाल जट्टा किसान संगठन के आह्वान पर लहरियां बिजली घर पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। ट्यूबवेल सप्लाई बंद होने से नाराज किसानों ने बिजली निगम के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और मुख्य गेट पर धरना देकर अधिकारियों को घेरा। स्थिति बिगड़ती देख मौके पर पहुंचे एसडीओ अमित कुमार ने किसानों को समझाते हुए आश्वासन दिया कि हिसार से आई इंजीनियरों की टीम ट्रांसफार्मर को दुरुस्त करने में जुटी हुई है और आज शाम तक लाइन को चालू कर दिया जाएगा। आश्वासन के बाद किसानों ने धरना समाप्त किया। धरने का नेतृत्व कर रहे किसान संगठन के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश मंडा व ब्लॉक अध्यक्ष कमल सिंह ने बताया कि लहरिया 33 केवी पावर हाउस का ट्रांसफार्मर कई दिनों से जला हुआ पड़ा है। इससे लहरिया, रहनखेड़ी, भूंदड़ा, रसूलपुर व कानीखेड़ी गांवों की ट्यूबवेल सप्लाई ठप हो चुकी है। खेतों में पानी न मिलने से फसलें सूखने लगी हैं, वहीं, ढाणियों में रहने वाले परिवार भी भीषण गर्मी और मच्छरों के प्रकोप से परेशान हैं। पशुओं को पानी नहीं मिल रहा, जिससे संकट और गहरा गया है। किसानों ने आरोप लगाया कि बरसात के बाद खेतों और ढाणियों में मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। खून चूसने वाले मच्छर इंसानों और पशुओं दोनों के लिए गंभीर खतरा बन चुके हैं। इसके बावजूद बिजली निगम लापरवाह बना हुआ है। उन्होंने कहा कि समय रहते सप्लाई बहाल नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। धरने के दौरान किसान नेताओं ने अधिकारियों को चेताया कि गांवों की जीवनरेखा माने जाने वाले ट्यूबवेलों की बिजली कटौती किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ओमप्रकाश मंडा ने कहा कि सरकार किसानों की अनदेखी कर रही है।



भूना। लहरियां पावर हाउस के बाहर धरना देते किसान। *फोटो: हरिभूमि*

**ये रहे मौजूद**

*इस मौके पर गुरजंट सिंह, सुखविंदर सिंह, सरदार अमरीक सिंह, बलदेव सिंह, बलजिंदर सिंह, जग्गा सिंह, हरपाल सिंह, कुलदीप सिंह, जगतार सिंह, सुरेश कुमार और रघुवीर सिंह सहित कई किसान मौजूद रहे। सभी ने एकजुट होकर कहा कि जब तक बिजली सप्लाई नियमित नहीं होती, तब तक विरोध जारी रहेगा।*

**किसानों की मुख्य मांगें**

- लहरिया 33 केवी पावर हाउस का जला ट्रांसफार्मर तुरंत बदला जाए
- पांच गांवों की ट्यूबवेल सप्लाई नियमित बहाल हो
- ढाणियों में रहने वाले परिवारों को बिजली कटौती से राहत मिले
- पशुओं के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए
- बरसाती मच्छरों के प्रकोप से निपटने के लिए प्रशासन कदम उठाए



सिरसा। पत्रकारों को जानकारी देते हुए डीएसपी संदीप कुमार। *फोटो: हरिभूमि*

**सन्नी मर्डर मामले की गुत्थी सुलझी**

# पुलिस ने चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

- काहसूनी के चलते तेजधार हथियार से की थी हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कालांवाली

पुलिस ने गांव तिलोकेवाला में हुए सन्नी हत्याकांड की गुत्थी सुलझाते हुए चार आरोपितों को काबू कर लिया है। पकड़े गए आरोपितो की पहचान इंद्रजीत सिंह, परमजीत सिंह उर्फ ममना व बलकरण सिंह उर्फ गगी सिंह निवासी गांव त्रिलोकेवाला व कुलदीप सिंह उर्फ हलवाई निवासी दादू के रूप में हुई है। डीएसपी कालांवाली संदीप धनखड़ ने मंगलवार को प्रेसवार्ता में बताया कि बीती रविवार को रमेश सिंह निवासी त्रिलोकेवाला ने थाना में दी शिकायत में बताया कि 12 सितंबर 2025 को तिलोकेवाला बस अड्डा पर स्थित उनके होटल पर आरोपितो के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। जिसको लेकर 14 सितंबर 2025 को दिन में आरोपित इन्द्रजीत के साथ हाथापाई हो गई।

**रिमांड पर लिया जाएगा**

डीएसपी ने बताया कि गठित टीमों ने अपने महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए साइबर सेल की सहायता से चार आरोपितो को काबू कर लिया। आरोपितों इन्द्रजीत उर्फ लूचा व परमजीत सिंह उर्फ ममना को डोगरावाली से कार मार्का आल्टो सहित, आरोपित कुलदीप सिंह को गांव गदराना से काबू किया गया। आरोपित बलकरण उर्फ गग्गी जो अग्रोहा मेडिकल हिसार में दाखिल है को काबू कर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपितो इंद्रजीत, कुलदीप व परमजीत को आज अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड हासिल किया जाएगा।

# अनुपस्थित एसईपीओ को नोटिस जारी

- एसडीएम ने बीडीपीओ कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ टोहाना

एसडीएम आकाश शर्मा ने मंगलवार को खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी टोहाना कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसईपीओ माया गोदारा कार्यालय से अनुपस्थित पाई गई, जिस पर एसडीएम ने उन्हें नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। एसडीएम ने निरीक्षण के समय कार्यालय की वीडियोग्राफी भी अपने कब्जे में ली है। उन्होंने पाया कि एसईपीओ न केवल कार्यालय से अनुपस्थित रहीं, बल्कि बारिश से प्रभावित क्षेत्रों में जलभराव राहत कार्यों में भी शामिल नहीं हुई।



टोहाना। बीडीपीओ कार्यालय का निरीक्षण करते एसडीएम। *फोटो: हरिभूमि*

**नोटिस का जवाब नहीं मिलने पर होगी कार्रवाई**

*निरीक्षण के दौरान एसईपीओ के अगस्त महीना के हाजरी कॉलम भी कई जगह खाली मिले है। इसके अतिरिक्त, वह अब तक आयोजित समाधान शिविर में भी अनुपस्थित रही है। इस पर एसडीएम ने उन्हें नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर उनके खिलाफ विभागीय स्तर पर कारवाई करने की अनुशंसा की जाएगी। एसडीएम आकाश शर्मा ने अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे समय पर कार्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित करें और आमजन के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें।*

# 8 कनेक्शनों को काटा, 24 को करवाया ठीक

- रतनगढ़ में चलाया अभियान पेयजल कनेक्शनों को जांचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतिया

जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव रतनगढ़ में विशेष अभियान चलाकर पेयजल कनेक्शनों की जांच की गई। जांच में पाया कि ग्रामीणों ने पीने की सप्लाई पर बहुत ज्यादा अवैध व असुरक्षित कनेक्शनों को कर रखा था। इसके कारण काफी घरों में पीने के पानी की दिक्कत आ रही है। आज उन सभी 32 कनेक्शनों को नोटिस दिया गया जिनमें से 8 असुरक्षित कनेक्शनों को तुरंत प्रभाव से काटा गया जबकि 24 असुरक्षित कनेक्शनों को ठीक करवाया गया है। विभाग के जिला सलाहाकार शर्मा चंद लाली ने बताया कि जिले की सभी पंचायतों में अवैध और असुरक्षित कनेक्शनों का चिह्नित करके उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। रतनगढ़ गांव में पानी न पहुंचने की शिकायत आज घर-घर जाकर पानी के अवैध और असुरक्षित कनेक्शन, जिनके खुले पाए गए उनको भी बंद करने का करने के लिए नोटिस दिए गए है। गांव में जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसमें ग्रामीण वासियों से अपील की गई कि वह पीने का पानी का सदुपयोग करें तथा अपने-अपने घरों के नलों पर टेप अवश्य लगवाएं ताकि पानी को व्यर्थ बहाने से रोका जा सके। इसके साथ-साथ कर्मचारियों द्वारा उन घरों को चिन्हित किया गया है जिन घरों में पीने के पानी के नलों पर बंद करने के लिए टेप नहीं लगी हुई है, उन घरों में टेप लगवाई जा सके।



रतिया। गांव रतनगढ़ में अवैध कनैक्शन काटते विभाग के कर्मचारी।

**होगी कार्रवाई**

खंड संयोजक पृथ्वी पाल ने बताया कि पीने के पानी पर जिले के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में जितने भी गाड़ी धोने के सर्विस स्टेशन लगे हुए हैं उनको स्वयं तुरंत प्रभाव से बंद कर दें ताकि जिले में पीने के पानी के संकट से बचा जा सके। इसके लिए विभाग टीम बनाकर चिह्नित करेगा और उनके खिलाफ ठोस विभागीय कार्रवाई करेगा।

# सांसद खेल महोत्सव की तैयारियों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ टोहाना

**दमकोरा स्टेडियम का एसडीएम ने किया निरीक्षण**

सांसद खेल महोत्सव की तैयारियों को लेकर एसडीएम आकाश शर्मा ने मंगलवार को दमकोरा खेल स्टेडियम का दौरा किया। उन्होंने स्टेडियम में की गई व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम ने बताया कि 21 सितम्बर को सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ दमकोरा खेल स्टेडियम में होगा, जिसमें टोहाना ब्लॉक के खिलाड़ी विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि स्टेडियम में साफ-सफाई और सभी मूलभूत सुविधाओं की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

**अधिकारियों को निर्देश**

*इसके अलावा, एसडीएम आकाश शर्मा ने हर्बल पार्क और कल्पना चावला पार्क का भी निरीक्षण किया। उन्होंने नगर परिषद अधिकारियों को निर्देश दिए कि पार्कों की नियमित सफाई व्यवस्था और सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि यहाँ आने वाले नागरिकों को स्वच्छ और सकारात्मक वातावरण मिल सके।*

# नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोपी को किया गिरफ्तार

- आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भूना

भूना के एक गांव में महिला और उसकी नाबालिग बेटी के साथ घर में घुसकर छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान रविंद्र उर्फ कालिया के रूप में हुई है। उसे मंगलवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में हिसार जेल भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष ओमप्रकाश ने बताया कि 15 सितंबर को एक महिला ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी रविंद्र उर्फ कालिया जबरन उसके घर में घुसा और उसके साथ-साथ उसकी नाबालिग बेटी के साथ भी छेड़छाड़ की।




भूना। मां-बेटी से छेड़छाड़ मामले में गिरफ्तार युवक। *फोटो: हरिभूमि*

**पेड़ों पर कीलें ठोककर लगाए जा रहे विज्ञापन बोर्ड**

# पेड़ों पर टंगे होर्डिंग्स ने पर्यावरण संरक्षण पर खड़े किए सवाल

- जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ चोपटा

भले ही सरकार करोड़ों रुपये पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने पर खर्च कर रही हो, लेकिन सिरसा वन विभाग की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में है। नाथूसरी चौपटा खंड में सिरसा-भादरा मुख्य सडक़ के दोनों किनारों पर लगे हरे-भरे पेड़ों पर होर्डिंग्स टांगे गए हैं, जिससे पेड़ों को गंभीर नुकसान हो रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार ऐसा पहली बार नहीं है जब पेड़ों के साथ इस तरह की ज्यादती की गई हो। पहले भी कभी हरे पेड़ों को जानबूझकर सूखा दिया गया तो कभी आरी चलाकर काट दिया गया। अब हालात यह हैं कि पेड़ों पर कीलें ठोक कर भारी-भरकम विज्ञापन बोर्ड लटकाए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और वन विभाग से मांग की है कि जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में पेड़ों के साथ इस तरह का व्यवहार न हो।



सिरसा। सिरसा-भादरा मुख्य सड़क के किनारे हरे पेड़ों पर लगे विज्ञापन बोर्ड।

**ऑडियो वायरल के बाद उठे थे 10 लाख वसूली के आरोप**

**दो महीने पहले भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत किया था क़ेस दर्ज**

# डीएसपी के रीडर को वॉयस सैंपलिंग के लिए अपने साथ सिरसा ले गई एसीबी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भूना

गांव ढाणी भोजराज में अंतरजातीय प्रेम विवाह के मामले में अवैध वसूली की ऑडियो वायरल होने के बाद एंटी करप्शन ब्यूरो ने कार्रवाई तेज कर दी है। मंगलवार को सिरसा एसीबी टीम ने डीएसपी संजय बिश्नोई के रीडर, सब इंस्पेक्टर दर्शन सिंह का वॉयस सैंपल के लिए कोर्ट के आदेश पर अपने साथ सिरसा ले गई है। अगर वॉयस सैंपल वायरल ऑडियो से मैच हो जाता है तो रीडर की गिरफ्तारी तय मानी जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार, दर्शन सिंह और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ करीब दो महीने पहले भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया था। काबिलेगोर है कि कोर्ट के दिशा निर्देश पर रीडर को पहले भी तीन बार समान जारी किए जा चुके थे, परंतु अब 27 अगस्त को भी रीडर के वॉयस सैंपलिंग को लेकर वारंट जारी हुए थे। उपरोक्त वारंट पर रीडर दर्शन सिंह को एसीबी सिरसा लेकर गई है।

**ऑडियो में सामने आया अवैध वसूली का मामला**

भूना निवासी नरेश सोनी के साथ कुछ समय पहले दर्शन सिंह की एक ऑडियो वायरल हुई थी। इस ऑडियो में ढाणी भोजराज गांव में अंतरजातीय प्रेम विवाह के मामले में 10 लाख रुपये की अवैध वसूली की बात कही जा रही थी। इसमें आरोप लगा कि यह राशि डीएसपी संजय बिश्नोई के लिए ली गई थी। इसी ऑडियो के आधार पर शिकायतें दर्ज हुई और जांच शुरू की गई। भूना निवासी व्हिसल ब्लोअर नरेश सोनी ने इस पूरे मामले को उठाया। उन्होंने 13 मई को एसीबी को शिकायत भेजी, जिसमें आरोप लगाया कि एससी/एसटी एक्ट का डर दिखाकर गांव के लोगों से पैसे लिए गए।

**यह है पूरा मामला**



दर्शन सिंह

बता दें कि 31 जनवरी 2025 को गांव ढाणी भोजराज का 22 वर्षीय युवक सचिन एक 26 वर्षीय युवती रेनू के साथ घर से भाग गया था। दोनों ने 4 फरवरी को प्रेम विवाह कर लिया। युवक एससी वर्ग से है जबकि युवती सामान्य वर्ग से है। इसलिए युवक के परिवार का गांव में सामाजिक बहिष्कार कर दिया गया। इसके बाद पुलिस ने 15 फरवरी को 9 लोगों को नामजद करते हुए 50 अन्य के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर दिया। गांव में तनाव का माहौल बन गया। डीएसपी जयपाल सिंह के दिशा निर्देश पर पुलिस ने पहले तीन दुकानदारों को हिरासत में लिया, जिससे नाराज ग्रामीणों ने सडक़ जाम कर विरोध किया। ढाणी भोजराज के लोगों की मांग पर जांच डीएसपी जयपाल सिंह की जगह इसे डीएसपी संजय बिश्नोई को सौंपी गई। जिसमें कुछ लोगों ने जांच अधिकारी के साथ मध्यस्थता करके पूरे मामले को खारिज करवा दिया और झूठी अफवाह फैलाने के नाम पर चौकीदार को मोहरा बना दिया।

# फतेहाबाद से मुक्ति धाम मुकाम के लिए रोडवेज बस की सेवा शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

**बिश्नोई समाज के लोगों को बड़ी सौगात मिली**

बिश्नोई समाज के सबसे बड़े धार्मिक स्थल मुक्ति धाम मुकाम के लिए हरियाणा रोडवेज फतेहाबाद द्वारा स्पेशल मेला बस सेवा शुरू कर गई है। यह स्पेशल 17 सितंबर को फतेहाबाद से मुक्ति धाम मुकाम के लिए रवाना होगी। फतेहाबाद से मुक्ति धाम मुकाम के लिए स्पेशल बस चलने से बिश्नोई समाज के लोगों को बड़ी सौगात मिली है। इसके लिए लंबे समय से मांग की जा रही थी। यह बस फतेहाबाद के नए बस स्टैण्ड से चलकर गांव धांगड़, बड़ोपल, खाराखेड़ी, अग्रोहा मोड़, हिसार, राजगढ़, चुरू, छापर होते हुए मुकाम पहुंचेगी। यह बस रोजाना फतेहाबाद के नए बस स्टैंड से सुबह 9.15 बजे रवाना होगी।

**यात्रियों को लाभ**

बिश्नोई समाज के लोगों का कहना है कि समाज के लोग लंबे समय मुक्ति धाम मुकाम के लिए सीधी बस सेवा की मांग कर रहे थे। अब रोडवेज प्रबंधन ने बस की शुरुआत कर अच्छा प्रयास किया है। समाज के लोग नियमित रूप से मुकाम जाते हैं। खासकर, अमावस्या पर तो जरूर जाना होता है। मुकाम में गुरु जंभेश्वर महाराज का समाधि स्थल और मंदिर है। मुकाम मेला स्पेशल बस की 17 सितम्बर से शुरुआत की जाएगी। ऐसे में मुक्ति धाम तक जाने के लिए यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा।



# द वाइब्स ग्लैमरस महिलाओं की अनकही सच्चाई को लाएगी सामने

**मुंबई।** फैशन, चांदनी बार, हीरोइन और पेज 3 जैसी फिल्मों से फिल्म इंडस्ट्री में अपनी खास पहचान बना चुके मधुर भंडारकर अपने दमदार निर्देशन के लिए पहचाने जाते हैं। उनकी फिल्में लोगों के मनोरंजन के साथ ही सामाजिक मैसेज का भी काम करती हैं। अपनी नई फिल्म द वाइव्स को लेकर मधुर भंडारकर ने एक खास पोस्ट शेयर किया है। 'द वाइब्स' में मधुर बॉलीवुड सेलेब्स की पत्नियों की कहानी को दिखाएंगे। उनकी फिल्म 'द वाइव्स' बॉलीवुड की सबसे ग्लैमरस महिलाओं के पीछे छिपी अनकही सच्चाई को लोगों के सामने लाएगी। मधुर ने अपनी कुछ शानदार तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कीं और कैप्शन में लिखा, 'फिल्म 'द वाइव्स' मेरा 16वां प्रोजेक्ट है।

लाइफ Style



# अनीत

## फातिमा संग न्याय में आएंगी नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में सिनेमाघरों में बवंडर मचा चुकी लव स्टोरी फिल्म 'सैयारा' की एक्ट्रेस अनीत पड्डा अब फातिमा सना शेख के साथ नजर आनेवाली हैं। इस फिल्म में लीड रोल में ब्रिटिश ड्रामा सीरीज 'इंडियन समर्स' एक्टर अर्जुन माथुर भी हैं। ये एक कोर्टरूम ड्रामा है जिसका टाइटल 'न्याय' रखा गया है।

नित्या मेहरा द्वारा निर्देशित यह फिल्म अन्याय से लड़ने वाले एक युवा सर्वाइवर की कहानी है। अहान पांडे के साथ अनीत पड्डा को अपनी हिट रोमांटिक ड्रामा 'सैयारा' के लिए खूब तारीफें मिली हैं। इस वक्त ये फिल्म ओटीटी (नेटफ्लिक्स) पर आ चुकी है और घर बैठे लोग इस फिल्म का लुत्फ उठा रहे हैं। ओटीटी पर फिल्म के अच्छा परफॉर्म करने के बाद, एक्ट्रेस ने एक नई फिल्म 'न्याय' साइन की है।

खबरों के मुताबिक, वो इस फिल्म में न्याय के लिए लड़ रहीं एक युवा पीड़िता का किरदार निभाएंगी। इसम फिल्म में फातिमा सना शेख और अर्जुन माथुर लीड रोल में हैं। अनीत ने एक कोर्टरूम ड्रामा साइन किया है जो महिलाओं के साथ अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ेगी। इस फिल्म में वो एक ऐसी पीड़िता की भूमिका निभाएंगी जो अपने साथ दुर्व्यवहार करने वाले एक आध्यात्मिक गुरु के खिलाफ बहादुरी से खड़ी होती है। इस फिल्म की कहानी उनके किरदार के इर्द-गिर्द घूमती है और यही पूरी कहानी में भावनात्मक गहराई लाता है। इस फिल्म का निर्देशन 'बार-बार देखो' और 'मेड इन हेवन' जैसी फिल्मों से प्रसिद्धि पा चुकीं नित्या मेहरा करेंगी।

हॉलीवुड मसाला



# लास्ट ट्रेन टू... से मिली पहचान

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर गीतकार बॉबी हार्ट का निधन हो गया है। गीतकार प्रसिद्ध बॉयस और हार्ट गीतकार जोड़ी का एक हिस्सा थे। उन्हें'द मोंकीज के लिए कुछ बेहद हिट गानें, जैसे आई वाना बी फ्री और लास्ट ट्रेन टू क्लार्क्सविले के लिए जाना जाता था। बॉबी हार्ट गीत लेखन के दिग्गज, जो मोंकीज के कई गानों के लिए जिम्मेदार जोड़ी का हिस्सा थे, उनका निधन हो गया है। अपने साथी टॉमी बॉयस के साथ, बॉबी ने आई वन्ना बी फ्री, लास्ट ट्रेन टू क्लार्क्सविले जैसे प्रतिष्ठित मोंकीज थीम और कई अन्य ट्रैक लिखे।



## बचपन से ही संगीत में रही गहरी दिलचस्पी, 7 की उम्र में अभिनय

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड सिंगर, सॉन्गराइटर और एक्टर निक जोनस का सफर किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। बचपन से ही संगीत में उनकी गहरी दिलचस्पी रही। महज छह साल की उम्र में उन्होंने गाना गाकर सबको हैरान कर दिया था और तभी से तय हो गया कि वो अपना कॅरियर म्यूजिक इंडस्ट्री में ही बनाएंगे। निक न सिर्फ अपनी गायकी और म्यूजिकल बैंड के लिए मशहूर हैं, बल्कि बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा के पति होने की वजह से भारत में भी उनका जबरदस्त क्रेज है। सिर्फ सात साल की उम्र में निक ने थिएटर शो ए क्रिसमस कैरोल में अभिनय किया। इसके साथ ही उन्होंने जॉय टू द वर्ल्ड नाम का गाना लिखा जिसे बाद में रिकॉर्ड लेबल ने रिलीज किया। इतनी कम उम्र में मिले इस मौके ने उनके आत्मविश्वास को और मजबूत किया। साल 2005 में निक ने अपने भाइयों जो और केविन के साथ मिलकर जोनस ब्रदर्स नाम का बैंड बनाया।



# पसंद आया गूगल जेमिनी का ट्रेंड


**मुंबई।** सोशल मीडिया पर ट्रेंड लगातार बदलते रहते हैं। इन दिनों सोशल मीडिया पर गूगल जेमिनी के जरिए फोटोज को एडिट करने का ट्रेंड चल रहा है। इसमें अलग-अलग तरह से लोग अपनी फोटोज को एडिट कर रहे हैं। इन्हीं में एक है गूगल जेमिनी का 'हग माई यंगर सेल्फ' ट्रेंड। अब सेलेब्स भी इस ट्रेंड में रुचि ले रहे हैं और अपनी तस्वीरें एडिट कर रहे हैं। इसी क्रम में अब अभिनेत्री आलिया भट्ट को भी ये ट्रेंड पसंद आया है और उन्होंने अपनी बचपन की एक तस्वीर को गले लगाए हुए अपनी आजकल की एक तस्वीर शेयर की है। आलिया भट्ट के एक फैन पेज ने एक्ट्रेस के आजकल के रूप को उनके बचपन की फोटो को गले लगाते हुए एक प्यारा सा एडिट किया। तस्वीर पर कैप्शन लिखा था, 'मैं नहीं कर सकती, आज छोटा वाला कितना गर्व महसूस कर रहा होगा।'




# जॉली एलएलबी-3 पर चली सेंसर की कैंची

**मुंबई।** अक्षय कुमार और अरशद वारसी की फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' 19 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। दर्शकों में इस फिल्म को लेकर खासा उत्साह है, क्योंकि लंबे समय बाद दोनों जॉली एक साथ कोर्टरूम ड्रामा में भिड़ने वाले हैं। लेकिन, रिलीज से पहले इस फिल्म पर सेंसर बोर्ड की कैंची चल चुकी है। बोर्ड ने फिल्म को यू/ए सर्टिफिकेट तो दे दिया है, लेकिन आठ अहम बदलाव भी करवाए हैं। दरअसल, 2 सितंबर को फिल्म को सर्टिफिकेट जारी हुआ। करीब 2 घंटे 37 मिनट और 16 सेकंड की इस फिल्म में बोर्ड ने ऐसे सीन और शब्द हटवाए, जिन्हें आम दर्शकों के लिए आपत्तिजनक माना जा सकता था। हालांकि, यह सभी बदलाव मामूली हैं और फिल्म की कहानी या प्रभाव पर कोई खास असर नहीं डालेंगे।

टीवी मसाला



# 25 लाख के सवाल पर गुजरात की कंटेस्टेंट ने किया क्विट...

**नई दिल्ली।** महानायक अमिताभ बच्चन का शो 'कौन बनेगा करोड़पति 17 इन दिनों चर्चा में बना हुआ है। इसमें कंटेस्टेंट हिस्सा लेते हैं। अपने ज्ञान के दम पर लाखों रुपए जीतते हैं। सोमवार के एपिसोड में फास्टेट फिंगर फर्स्ट सवाल का जवाब देखकर सारिका जोशी हॉट सीट पर बैठीं। वह भावनगर, गुजरात की रहने वाली हैं। सारिका जोशी बताती हैं कि उनके पति और बेटी भी शो में साथ आई हैं। केबीसी 17 में सारिका जोशी के पति ने बताया कि उनकी पत्नी पिछले 25 साल से केबीसी का हिस्सा बनने की कोशिश कर रही थीं और अब जाकर उनकी तपस्या पूरी हुई है। सारिका जोशी बिना किसी लाइफलाइन के इस्तेमाल के पहला पड़ाव पार कर लेती हैं और शुरुआती 5 सवालों के जवाब देकर 25 हजार रुपए जीत जाती हैं। सारिका जोशी 3 लाख के सवाल पर कंफ्यूज हो जाती है और फिर वह ऑडियंस पोल लाइफलाइन का इस्तेमाल करती है। इसके बाद वह ऑडियंस के जवाब पर भरोसा करते हुए आगे गेम खेलती है, जो सही उत्तर होता है। 11वें सवाल के लिए सारिका जोशी ने दो लाइफलाइन का इस्तेमाल किया और 7.50 रुपए जीत लिए। 12वें सवाल का भी उन्होंने जवाब दिया। लेकिन, 25 लाख रुपए के 13वें सवाल पर कंफ्यूज हो गईं और उनके पास कोई लाइफलाइन भी नहीं बची थी। 13वां सवाल- किस अमेरिकी राष्टपति की मां लिलियन ने 1960 के दशक में भारत में एक नर्स के रूप में काम किया था? ऑप्शन- ए. जॉन एफ केनेडी, बी. रोनाल्ड रीगन, सी. रिचर्ड निक्सन और डी. जिमी कार्टर।

## 5 कंटेस्टेंट्स पर लटकी बेघर होने की तलवार

**नई दिल्ली।** टीवी की दुनिया का सबसे चर्चित रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' हमेशा से ही दर्शकों के लिए ड्रामा, इमोशन और सरप्राइज लेकर आता है।



सलमान खान के होस्टिंग वाले इस शो में हर हफ्ते नॉमिनेशन का दौर दिलचस्प होता है। इस बार भी घर के अंदर ऐसा ही हुआ जब नॉमिनेशन प्रक्रिया में बिग बॉस ने एक ऐसा दांव खेला, जिसने सभी प्रतियोगियों के होश उड़ा दिए। शो का माहौल पूरी तरह बदल गया और अंत में पांच कंटेस्टेंट्स पर बेघर होने की तलवार लटक गई। ये सदस्य हैं - अशनूर कौर, बसीर अली, अभिषेक बजाज, नेहल चुडासमा और प्रणित मोरे। इन पांचों को अब दर्शकों के वोट का इंतजार रहेगा। जैसे ही घरवाले सोच रहे थे कि नॉमिनेशन का दौर सामान्य तरीके से खत्म हो जाएगा, तभी बिग बॉस ने माहौल पलट दिया। उन्होंने घरवालों को अमाल और नीलम की बातचीत का एक ऑडियो सुनाया, जिसमें दोनों नॉमिनेशन पर चर्चा करते पकड़े गए थे। यह नियमों के खिलाफ था।

# ट्रैफिक में फंसी एम्बुलेंस को देख जैकी को आया गुस्सा



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता जैकी श्रॉफ मंगलवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर करते हुए लोगों पर गुस्सा होते दिखाई दिए। इस वीडियो में वे ट्रैफिक में फंसी एंबुलेंस को देख निराशा जाहिर करते दिख रहे हैं। मुंबई की सड़कों में फंसी एक एंबुलेंस को देख जैकी ने वीडियो बनाते हुए बताया कि लोगों को थोड़ा अधिक संवेदनशील होना चाहिए या फिर एंबुलेंस के लिए अलग से रोड बनाया जाना चाहिए। जैकी श्रॉफ ने वीडियो में चिंता जाहिर करते हुए कहा कि अगर ऐसे ही ये एंबुलेंस यहां फंसी रही तो मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देगा। वीडियो में एक्टर कह रहे हैं कि इन लोगों को तब समझ में आता, जब मरीज की जगह वे खुद होते, लेकिन लोगों में इतनी समझ कहां है। जैकी श्रॉफ ने यह वीडियो अपनी कार से बनाते हुए लोगों को इस मुद्दे की गंभीरता के प्रति जागरूक करने की कोशिश की है। जैकी श्रॉफ समय-समय पर अपने बेबाक अंदाज में लोगों को उनकी जिम्मेदारियों को लेकर सजग करते रहते हैं। सोशल मीडिया पर जैकी लोगों को पर्यावरण को बचाने के लिए भी प्रेरित करते रहते हैं। जैकी श्रॉफ सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। उनकी पोस्ट अक्सर वायरल हो जाती हैं। पिछले सप्ताह फिल्म 'अंगार' के 33 साल पूरे होने पर उन्होंने एक पोस्ट की और इसका जश्न मनाया था. इसकी कुछ अनदेखी तस्वीरें भी जैकी ने साझा की थीं। हाल ही में जैकी श्रॉफ वेब सीरीज 'हंटर-2' में दिखाई दिए थे। इस सीरीज में उन्होंने एक खलनायक की भूमिका निभाई थी। प्रिंस धीमान ने इसे डायरेक्ट किया है। इस सीरीज में सुनील शेट्टी, अनुषा दांडेकर और बरखा बिष्ट जैसे कलाकार भी हैं।

# जब हिंदी सिनेमा के सभी कलाकारों ने देव आनंद की फिल्म को किया रिजेक्ट

## दर्शकों ने बनाया ब्लॉकबस्टर, ऑस्कर में भी दी दस्तक

**नई दिल्ली।** कुछ फिल्में सिनेमाघरों में अपनी अलग कहानी और गानों की वजह से मशहूर हो जाती हैं। कभी-कभी ऐसा भी होता है कि कुछ फिल्मों की कहानियां दर्शकों को तक उस तरीके से नहीं पहुंच पाती है जैसा डायरेक्टर सोचता है। ऐसे में बहुत बार मेकर्स को काफी नुकसान भी उठाना पड़ता है। लेकिन, आज हम आपको बॉलीवुड की एक ऐसी फिल्म के बारे में बताने वालें जिसे हिंदी सिनेमा के लगभग सभी कलाकारों ने रिजेक्ट कर दिया था। लेकिन, जब यह फिल्म रिलीज हुई तो इसने बंपर कमाई की।

### 1966 में हुई थी रिलीज

हम बात कर रहे हैं कि देव आनंद की फिल्म गाइड की। उनकी यह फिल्म साल 1966 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। गाइड देव आनंद की पहली रंगीन फिल्म है। दरअसल, कहा जाता है कि रिलीज से पहले लगभग पूरी फिल्म इंडस्ट्री गाइड के प्रीमियर में मौजूद थी। जब कलाकारों ने इस फिल्म को देखा तो उन्हें यह फिल्म आम विषय से काफी हटकर लगी थी। ऐसे में कोई भी निर्देशक विजय आनंद को उनके काम के लिए बधाई देने नहीं गया, जिसका उन्हें बुरी भी लगा।



### सात फिल्मफेयर पुरस्कार जीते

लेकिन, जब फिल्म गाइड रिलीज हुई थी तो इसने हाउसफुल ओपनिंग की। हालांकि, कुछ सर्किट को छोड़कर, दर्शकों को फिल्म का अंत समझ न आने के कारण इसकी कमाई में भारी गिरावट आई, लेकिन जब दर्शकों को अंत समझ आया, तो धीरे-धीरे कमाई में सुधार हुआ और देव आनंद की इस फिल्म ने बंपर कमाई। इतना ही नहीं, फिल्म गाइड को ऑस्कर के लिए आधिकारिक एंट्री ली थी और इसने सात फिल्मफेयर पुरस्कार भी जीते थे। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म गाइड का बजट करीब 60 लाख रुपए था और इस फिल्म ने दुनियाभर में 5 करोड़ रुपए कमाए थे।

## रामसे ब्रदर्स ने पुराना मंदिर, वीराना, बंद दरवाजा और तहखाना जैसी फिल्में बनाईं

# साढ़े तीन लाख में बनी वो कल्ट फिल्म, रिलीज होते ही निकली सुपरहिट

*मुंबई। 1972 में पर्दे पर एक ऐसी फिल्म आई थी जिसने बॉलीवुड को एक नई दिशा दी। युवाओं में नया क्रेज पैदा किया। सबसे दिलचस्प बात यह है कि फिल्म की शूटिंग 12 रुपए किराए के 7 कमरों में की गई थी। फिल्म ने बजट से 15 गुना कमाई करके सबको चौंका दिया था। यह बॉलीवुड की पहली सुपर हिट हॉरर फिल्म साबित हुई। फिल्म को रामसे ब्रदर्स ने प्रोड्यूस किया था जो बॉलीवुड में हॉरर फिल्म बनाने के लिए जाने जाते हैं। 30 दिसंबर 1972 को रिलीज हुई फिल्म 'दो गज जमीन के नीचे' ने कमाई का नया कीर्तिमान बनाया था। यह रामसे ब्रदर्स की डेब्यू फिल्म थी। इस फिल्म के बाद रामसे ब्रदर्स ने पुराना मंदिर, वीराना, बंद दरवाजा और तहखाना जैसी कई सुपरहिट हॉरर फिल्में बनाईं। फिल्म को प्रोड्यूस किया था एफयू रामसे ने और जबकि डायरेक्शन तुलसी रामसे और श्याम रामसे ने किया था। यह लो बजट की फिल्म थी। बजट सिर्फ साढ़े तीन लाख रुपए था। फिल्म रिलीज होने के बाद हैरतअंगेज रूप से सुपरहिट मूवी साबित हुई थी। फिल्म ने करीब 50 लाख की कमाई की थी।*

### फिल्म को बनाने की प्रेरणा ऐसे मिली

रामसे ब्रदर्स के पिता फतेहचंद्र उत्तमचंद्र सिंघानी की कराची में रेडियो की एक दुकान हुआ करती थी। दुकान का नाम : राम सिंघानी रेडियो एंड इलेक्ट्रिक कंपनी थी। ज्यादातर ग्राहक अंग्रेज होते थे। वो राम सिंघानी नहीं बोल पाते थे, इसलिए यहीं से वो रामसे हो गए। फतेहचंद्र भारत के बंटवारे के बाद मुंबई आ गए। उनके सात बेटे थेः गंगू रामसे, तुलसी रामसे, श्याम रामसे, अर्जुन रामसे, केशु रामसे, कुमार रामसे और किरण रामसे। 1960 के दशक में वो फिल्मों में पैसा लगाने लगे। 'शहीद-ए आजम भगत सिंह और 'रुस्तम सोहराब' जैसी फिल्मों में उन्होंने पैसा लगाया। इसी बीच उन्होंने पृथ्वीराज कपूर और शत्रुघ्न सिन्हा के साथ एक बड़े बजट की फिल्म 'एक नन्ही मुन्नी लड़की थी'में पैसा लगाया। यह फिल्म फ्लॉप हो गई। फतेहचंद्र कर्ज तले दब गए। हालांकि, इस फिल्म के एक हॉरर सीन को दर्शकों ने खूब पसंद किया। ऐसे में फतेहचंद्र के मन में हॉरर फिल्में बनाने का आइडिया आया। फिल्म में कोई बड़ा स्टार नहीं होता था।



### बॉलीवुड में हॉरर फिल्मों का क्रेज हुआ शुरू

इस फिल्म के बाद से बॉलीवुड में हॉरर फिल्मों का क्रेज शुरू हुआ। फिल्म को मुंबई के 25-30 थिएटर्स में रिलीज किया गया था। फिल्म के पोस्टर्स में 'भारत की पहली हॉरर फिल्म' लिखा हुआ था। फिल्म की शूटिंग महाबलेश्वर में हुई थी। होटल के 7 कमरे 12 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से किराए पर लिए गए थे।

### 40 दिन में पूरी हुई फिल्म की शूटिंग

फतेहचंद रामसे पूरे परिवार को लेकर कश्मीर गए। दो महीने के लिए हाउस बोट बुक किया। वहां पर '5 सीज ऑफ सिनेमेटोग्राफी'बुक बेटों को पढ़ाई। फिल्म मेकिंग के हर पहलू की ट्रेनिंग दी। फिर मुंबई वापस लौट आए। फतेहचंद रामसे के बड़े बेटे ने भुतही और डरावनी फिल्म बनाने का फैसला किया। नाम था 'दो गज जमीन के नीचे।' फिल्म की शूटिंग 40 दिन में पूरी हुई। बहुत ही कम बजट में यह फिल्म तैयार हुई। सेट पर रामसे ब्रदर्स के घर की महिलाएं खाना बनाती थीं। कैमरे किराए पर लिए थे। फिल्म का प्रमोशन सिर्फ ऑल इंडिया रेडियो ने नाइट शो में किया गया। फिल्म ने रिलीज होते ही तहलका मचा दिया। 45 लाख रुपए का कारोबार किया। यह फिल्म रामसे ब्रदर्स के लिए गेम चेंजर साबित हुई।

## खबर संक्षेप

### ट्रांसफार्मर से तेल चोरी के मामले में आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** ट्रांसफार्मर से तेल चोरी करने के मामले में जाखल पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि 11 मार्च 2023 को बिजली बोर्ड से शिकायत प्राप्त हुई थी कि 6 मार्च 2023 की मध्यरात्रि को 63 केवीए ट्रांसफार्मर, जो कि रणजीत सिंह पुत्र भगत सिंह गांव दिवाना में स्थित था, से लगभग 95 लीटर तेल अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया, जिसकी कीमत लगभग 9500 रुपये आंकी गई है।

### गांव बुर्ज में जागरुकता शिविर आज

**रतिया।** हरियाणा सरकार द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाये जाने का निर्णय लिया गया है। इसी कड़ी में सामाजिक न्याय तथा अधिकारिता, अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग, कल्याण और अंत्योदय विभाग, हरियाणा के दिशा निर्देशानुसार जिला कल्याण विभाग की ओर से 17 सितंबर को सुबह 10.30 बजे गांव बुर्ज से इस पखवाड़े की शुरूआत की जाएगी। इस जागरूकता शिविर में हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन डॉ. रविंद्र बलियाला मुख्यातिथि होंगे।

### क्रेसंट स्कूल में मनाया विश्व ओजोन दिवस

**रतिया।** क्रेसंट पब्लिक स्कूल रतिया में विश्व ओजोन दिवस बड़ी उत्साहपूर्ण तरीके से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। बच्चों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और ओज़ोन परत को सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्टाफ ने मिलकर पृथ्वी को सुरक्षित रखने और पर्यावरण बचाने की शपथ भी ली।

### सीडीएलयू के आठ शोधार्थी पीएचडी डिग्री के पात्र घोषित

**सिरसा।** चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के कुलपति प्रो. विजय कुमार ने परीक्षकों के बोर्ड व शोध समिति की अनुशंसा पर आठ शोधार्थियों को पीएचडी डिग्री का पात्र घोषित किया है। इसमें पांच शोधार्थी शारीरिक शिक्षा विभाग, दो प्रबंधन विभाग व एक अर्थशास्त्र विभाग से शामिल है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राजकुमार सलार ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में शारीरिक शिक्षा विभाग की सुनीता, पिंकी, मंजीत, सुनील तथा संदीप, प्रबंधन विभाग की प्रीती व संजू, अर्थशास्त्र विभाग के हैदर को पीएचडी डिग्री का पात्र घोषित किया गया है।

### कौशल विषय पर कार्यशाला का आयोजन

**सिरसा।** सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के करियर गाइडेंस एंड प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में उच्च शिक्षा के बाद रोजगार प्राप्ति हेतु आवश्यक कौशल विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला के मुख्य वक्ता के रूप में एजु स्किल फाउंडेशन से रेशम सिंह ने विद्यार्थियों को संबंधित विषय के महत्व पर विस्तार से चर्चा की।

## खेल प्रतियोगिताओं में चमके विभिन्न स्कूलों के खिलाड़ी

# क्रेसंट स्कूल के खुशांत ने सीबीएसई नेशनल एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

### 1500 मीटर रेस में किया शानदार प्रदर्शन

**9 से 13 सितम्बर तक सेंट अतुलानंद कॉन्वेंट स्कूल वाराणसी, उत्तरप्रदेश में आयोजित हुई थी प्रतियोगिता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

वाराणसी में आयोजित सीबीएसई नेशनल एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में क्रेसंट स्कूल के कक्षा बारहवीं कला संकाय के प्रतिभावान विद्यार्थी खुशांत ने अपनी अदम्य मेहनत और लगन से विद्यालय का नाम रोशन किया। 1500 मीटर रेस अंडर-19 में खुशांत ने अपनी शानदार गति एवं आत्मविश्वास से प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ते हुए स्वर्ण पदक जीतकर विजय का परचम लहराया। यह प्रतियोगिता 9 से 13 सितम्बर तक सेंट अतुलानंद कॉन्वेंट स्कूल, वाराणसी, उत्तरप्रदेश में आयोजित हुई थी। विद्यालय में आमंत्रित खुशांत के अभिभावकों ने विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि केवल हमारे बेटे की नहीं, बल्कि पूरे क्रेसण्ट परिवार की मेहनत और मार्गदर्शन का परिणाम है। हमें गर्व है कि खुशांत क्रेसण्ट स्कूल का विद्यार्थी है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर प्रधानाचार्या रितु सिंधु ने कहा कि खुशांत ने अपनी मेहनत, अनुशासन एवं संघर्ष से यह सफलता प्राप्त की है। यह हम सबके लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि हमें विश्वास है कि खुशांत भविष्य में भी इसी तरह ऊँचाइयों को छूते हुए विद्यालय एवं माता-पिता का नाम रोशन करेगा। खुशांत की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से पूरे विद्यालय परिवार में हर्ष और उत्साह का वातावरण छा गया।

**अभिभावकों ने कहा यह उपलब्धि पूरे क्रेसण्ट परिवार की मेहनत का परिणाम**

**खुशांत ने अपनी मेहनत, अनुशासन एवं संघर्ष से यह सफलता प्राप्त की : प्राचार्य**

फतेहाबाद क्रेसंट स्कूल में विजेता खिलाड़ी खुशांत को स्कूल प्रबंधक ने दी बधाई



### द्रोणाचार्य बॉक्सिंग क्लब के खिलाड़ियों ने सीबीएसई नेशनल चैंपियनशिप में जीते मेडल

**फतेहाबाद।** द्रोणाचार्य बॉक्सिंग क्लब फतेहाबाद के खिलाड़ियों ने महेन्द्रगढ़ में आयोजित सीबीएसई नेशनल बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया और पदक जीते। क्लब के खिलाड़ी सुखरीत ने स्वर्ण पदक, कुश और अंकुश ने कांस्य पदक जीतकर शानदार सफलता हासिल की। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर ओलंपियन, अर्जुन अवॉर्डी कोच डीएसपी जयभगवान, इंटरनेशनल कोच डॉ. राजीव गोदारा, बॉक्सिंग कोच प्रदीप कुमार और प्रवीन कुमार ने खिलाड़ियों को उनके बेहतरीन प्रदर्शन पर शुभकामनाएं दी और आशा व्यक्त की कि ये खिलाड़ी आगे भी अपने माता-पिता, गुरु, क्लब और देश का नाम गौरवान्वित करते रहेंगे। क्लब के खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से न सिर्फ खेल क्षेत्र में पहचान बढ़ी है, बल्कि युवा पीढ़ी को खेलों के प्रति प्रेरणा भी मिलेगी।

### मुक्केबाजी में सिरसा के बॉक्सरों ने जीते तीन पदक

**सिरसा।** महेंद्रगढ़ में 11 से 14 सितंबर को आयोजित सीबीएससी राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप अंडर-19 में सिरसा की तीन युवा बॉक्सरों ने प्रतिभागिता करते हुए दो रजत व एक कांस्य सहित तीन पदक अपने नाम कर जिले का नाम रोशन किया। सीनियर बॉक्सिंग कोच राहुल शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में भूमिशा शर्मा, जन्नत और वंशिका ने प्रतिभागिता की। जन्नत और वंशिका ने अपने शानदार पंच से रजत पदक और भूमिशा शर्मा ने कांस्य पदक जीता। उन्होंने बताया कि ये तीनों प्रतिभागी स्पोट्र्स विजन बॉक्सिंग एंड फिजिकल फिटनेस सेंटर सिरसा में उनसे प्रशिक्षण ले रहे हैं। स्पोट्र्स विजन बॉक्सिंग के सहायक कोच व सचिव चंदन कश्यप व राहुल शर्मा ने तीनों बॉक्सरों को शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई व भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। बता दें कि सीनियर कोच राहुल शर्मा पिछले करीब 25 सालों से बॉक्सिंग के क्षेत्र में युवाओं को निःशुल्क सेवाएं दे रहे हैं और उनसे प्रशिक्षण प्राप्त युवा राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं।

### जिला स्तरीय स्कूली एथलेक्टिस प्रतियोगिता में एसएस स्कूल का दबदबा

**सिरसा।** शहीद भगत सिंह खेल परिसर में मंगलवार को अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग में लड़कों की जिला स्तरीय स्कूली एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जिले भर के खंड स्तर पर विजेता रहे खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इन प्रतियोगिता में शाह सतनाम जी बॉयज स्कूल के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। प्रतियोगिता का शुभारंभ सहायक जिला शिक्षा अधिकारी (खेल) अनिल कुमार और सहायक जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी हरबंस सिंह ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए प्रेरित किया।



#### ये रहा परिणाम

अंडर-19 आयु वर्ग की 5000 मीटर दौड़ में शाह सतनाम जी बॉयज स्कूल के नवीन कस्वां ने प्रथम, एनसीएम कागदाना के सुनील ने द्वितीय और पीएम श्री स्कूल पन्नीवाला मोटा के पारूल ने तृतीय स्थान हासिल किया। अंडर-17 आयु वर्ग की 3000 मीटर दौड़ में पीएम श्री स्कूल पन्नीवाला मोटा के रोहित वर्मा प्रथम, पीएम श्री स्कूल कंवरपुरा के अजय कुमार द्वितीय और पीएम श्री स्कूल बड़ागुढ़ा के हरमीत सिंह तृतीय रहे। अंडर-19 आयु वर्ग के गोला फेंक में शाह सतनाम जी बॉयज स्कूल के गुरबाज सिंह ने 15.50 मीटर की दूरी के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सतगुरु प्रताप सिंह इंटरनेशनल स्कूल जीवननगर के हरनाम सिंह ने 11.14 मीटर के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। अंडर-17 आयु वर्ग की 100 मीटर दौड़ में शाह सतनाम जी बॉयज स्कूल के आनंद ने पहला, दशमेश स्कूल चोरमार के जगमीत सिंह ने दूसरा और डबवाली के शुभदीप सिंह ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर-19 आयु वर्ग की डिस्कस थ्रो में शाह सतनाम जी बॉयज स्कूल के गुरबाज सिंह प्रथम, सीआरडीएवी के सुखप्रीत द्वितीय और इसी स्कूल के सौरभ तृतीय रहे। अंडर-19 आयु वर्ग की 1500 मीटर दौड़ में शाह

## लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग

■ करंट लगने से बिजली कर्मचारी की मौत का मामला

**फतेहाबाद।** जिले के टोहाना क्षेत्र के गांव जापतेवाला में करंट लगने से बिजली कर्मचारी की मौत होने के मामले में कुम्हार समाज की बैठक आज कुलां में समाज के युवा नेता मुकेश प्रजापति की अध्यक्षता में हुई। बैठक में इस दर्दनाक हादसे में बिजली कर्मचारी जोनी प्रजापति पुत्र चन्द्रभान प्रजापति की मौत पर दो मिनट का मौन रखकर शोक जताया गया और दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की गई। इस मामले में समाज के लोगों ने इस हादसे के लिए दोषी लापरवाह अधिकारियों पर सख्त कदम उठाने और मृतक युवक के परिवार को एक करोड़ मुआवजा व सरकारी नौकरी देने की मांग की गई। बैठक में समाज के वरिष्ठ नेता राजकुमार फौजी पूर्व सरपंच कुलां, गोविंद प्रजापति, पवन प्रजापति आदि मौजूद रहे।



मृतक कर्मचारी

#### अस्पताल में तोड़ा दम

बैठक को संबोधित करते हुए मुकेश प्रजापति ने कहा कि जोनी प्रजापति बिजली निगम में डीसी रेट पर कार्यरत था। उसकी ड्यूटी गांव जापतेवाला में थी। लाइनमैन गुरप्रीत उसे जंपर ठीक करवाने के लिए साथ ले गया। जब जोनी बिजली ठीक कर रहा था तो उसे जोरदार करंट लगा और खंबे से नीचे आ गिरा। उसे गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया लेकिन रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। मुकेश प्रजापति ने इस हादसे के लिए बिजली निगम के अधिकारियों की लापरवाही को जिम्मेवार बताते हुए कहा कि अगर सही लाइन को बंद किया जाता तो जोनी प्रजापति की जान बच सकती थी।

#### पीड़ित परिवार को 1 करोड़ देने की मांग

मुकेश प्रजापति ने कहा कि कुम्हार समाज आज पूरी तरह मृतक कर्मचारी के परिवार के साथ खड़ा है। मृतक कर्मचारी जोनी के दो बच्चे हैं। जोनी की मौत के बाद परिवार के साथ रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने मांग कि इस हादसे के लिए जिम्मेवार लापरवाही अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर उन्हें निलंबित किया जाए ताकि भविष्य में दोबारा इस तरह की हादसे न हो। इसके अलावा परिवार को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता दी जाए।

### यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों पर कसा शिकंजा

**सिरसा।** जिला यातायात प्रभारी निरीक्षक शमशेर सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस ने बीती 5 सितंबर से 14 सितंबर तक विशेष अभियान चलाकर यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए उनके चालान किए। इस सिलसिले में स्वयं जिला यातायात प्रभारी निरीक्षक शमशेर सिंह ने बताया कि उपरोक्त समयावधि के दौरान जिला यातायात पुलिस ने शहर के विभिन्न भागों में नाके लगाकर यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों पर शिकंजा कसा। इस दौरान जिला यातायात पुलिस ने अपनी लेन बदलकर चलने वाले 85 व 43 वाहन चालकों के शराब पीकर वाहन चलाने के आरोप में चालान किए गए।

### नेशनल कॉलेज में निशुल्क रक्त जांच शिविर का आयोजन

## स्वस्थ शरीर ही शिक्षा और जीवन में प्रगति का आधार : हरजिंदर



**सिरसा।** अतिथियों को पौधा भेंट करते कालेज स्टाफ सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

राजकीय नेशनल महाविद्यालय सिरसा में मंगलवार को रक्त जांच शिविर का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो. हरजिंदर सिंह ने छात्राओं को स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर ही शिक्षा और जीवन में प्रगति का आधार है। उन्होंने छात्राओं को नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच कराने और संतुलित आहार अपनाने के लिए प्रेरित किया। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. मीत ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना और समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण की आदत डालना है।

#### 250 छात्राओं ने लिया भाग

*हरजिंदर सिंह ने कहा कि महिला प्रकोष्ठ द्वारा भविष्य में भी ऐसी उपयोगी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा ताकि छात्राओं के सर्वांगीण विकास में मदद मिल सके। महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी प्रोफेसर रमेश सोनी ने बताया कि शिविर में माइक्रोबायोलॉजिस्ट डॉ. दीप गगनेजा के निर्देशन में गर्ग पैथ लैब के विशेषज्ञों द्वारा छात्राओं का हीमोग्लोबिन स्तर और अन्य रक्त संबंधी जाँच की गई। इस शिविर में लगभग 250 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई।*

### जेजेपी नेता ने कार्यकर्ताओं की ली बैठक

## चौ. देवीलाल जयंती पर प्रदेश में होंगे कार्यक्रम: दुष्यंत चौटाला

**सिरसा।** पूर्व डिप्टी सीएम एवं जेजेपी नेता दुष्यंत चौटाला ने कहा कि चौ. देवीलाल की 112वीं जयंती पर पूरे प्रदेश में जिला स्तर पर 112 कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 25 सितंबर को सभी जिलों में प्रार्थना सभाएं होंगी। दुष्यंत चौटाला मंगलवार को सिरसा में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से इस बार स्व. चौधरी देवीलाल के पुराने सभी साथियों जिन्होंने चौधरी देवीलाल के साथ काम किया और उनकी विचारधारा को जीवित रखा, ऐसे सभी साथियों को जिला स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। दुष्यंत चौटाला बताया कि इससे पूर्व 23 सितंबर तक पूरे प्रदेश में चौ. देवीलाल की 72 प्रतिमाएं भी स्थापित की जाएंगी जिसमें सिरसा में सबसे ज्यादा 15, हिसार में 8 और रोहतक में 8 प्रतिमाएं शामिल हैं।



सिरसा। बैठक में मौजूद आजय चौटाला, पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला व अन्य पदाधिकारी।

### विश्व ओजोन दिवस पर करवाई पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता

## ओजोन परत हमारे जीवन के लिए एक सुरक्षा कवच : सज्जन कुमार

**प्रतियोगिता में ममता रानी ने प्रथम, मुकेश ने द्वितीय तथा रितेश एवं मोहित ने तीसरा स्थान पाया**

**सिरसा।** सीएमआरजे राजकीय महाविद्यालय मिठी सुरेरां ऐलनाबाद में विश्व ओजोन दिवस के उपलक्ष्य में विज्ञान विषय परिषद द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डा. सज़्जन कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि ओजोन परत हमारे जीवन के लिए एक सुरक्षा कवच है, जो पृथ्वी को हानिकारक पराबैंगनी किरणों से बचाती है।



सिरसा। प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

#### प्रदूषण को कम करने में सक्रिय भूमिका निभाएं विद्यार्थी

प्राचार्य ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे प्रदूषण को कम करने, वृक्षारोपण करने और ऊर्जा संरक्षण जैसे कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएं। महाविद्यालय के जन संपर्क अधिकारी डा. जोगिंद्र सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका डा. सुगन सिंह, प्रो. सुरेश कुमारी एवं डा. पूजा ने निभाई। परिणामस्वरूप ममता रानी ने प्रथम स्थान, मुकेश ने द्वितीय स्थान तथा रितेश एवं मोहित ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में पिछले सत्र के विषय परिषद के पदाधिकारियों को प्राचार्य द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### मांग - व्यापारियों को तंग न करे सरकार

## पैकेजिंग एंड डिस्पोजल एसो. ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**सिरसा।** पैकेजिंग एंड डिस्पोजल से जुड़े व्यापारियों ने मंगलवार को उपायुक्त शांतनु शर्मा को राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा। वहीं व्यापारियों की समस्या को देखते हुए सुबह धरनास्थल पर भाजपा जिलाध्यक्ष यतींद्र सिंह एडवोकेट व नगर परिषद के अध्यक्ष शांति स्वरूप भट्टी भी पहुंचे और व्यापारियों से बातचीत की। व्यापारियों की समस्याओं को जानने के बाद जिलाध्यक्ष ने अधिकारियों से बातचीत का आश्वासन दिया। प्रदेश व्यापार मंडल के जिला प्रधान हीरा लाल शर्मा, सतीश शर्मा, परमानंद कक्कड़, वेदभूषण गर्ग, शशिकांत रोहिल्ला, दिनेश वधवा, सुभाष शेरपुरा, अंजनी कनोडिया ने बताया कि सभी व्यापारी ईमानदारी से व टैक्स भरकर अपना व्यापार करते हैं। व्यापारियों की मांग है कि सरकार उन्हें नाजायज तंग करने की बजाय फैक्ट्रियां को बंद करे।



सिरस। उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते व्यापारी प्रतिनिधि।

### सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा संपन्न

## यज्ञ भारत की सांस्कृतिक धरोहर : स्वामी उमेशानंद



**सिरसा।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान ने आशुतोष महाराज के सान्निध्य में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा मंगलवार को संपन्न हो गई। कथा व्यास साध्वी कालिंदी भारती द्वारा भगवान श्री कृष्ण जी की लीलाओं को सुनने के लिए दूर-दूर से बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित हुए। संस्थान की संगीतमय टीम ने मधुर आध्यात्मिक भजनों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस भव्य कथा की समाप्ति भी भव्य तरीके से की गयी। कथा की समाप्ति पर 15 सितंबर को हवन यज्ञ का विशेष आयोजन हुआ। इस विशेष यज्ञ के महत्व को बताते हुए संस्थान से स्वामी उमेशानंद ने कहा कि यज्ञ भारत की सांस्कृतिक धरोहर है।

### जिंदल सर्व समाज सभा रतिया के अध्यक्ष बने

**रतिया।** सर्व समाज सभा रतिया की बैठक बाबा नामदेव धर्मशाला में हुई जिसमें सर्वसम्मति से संस्था के संस्थापक सतपाल जिंदल को अध्यक्ष एवं साहित्यकार डॉ नैब सिंह मंडेर को महासचिव चुना गया। पूर्व की भांति इस बार भी शेर सिंह भुल्लर को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंप गई। बैठक के आरंभ में पूर्व अध्यक्ष रणजीत सिंह भानीखेड़ा ने अपने समय की गतिविधियों पर प्रकाश डाला, पूर्व महासचिव रणधीर मौलिया ने सचिव रिपोर्ट प्रस्तुत की। बैठक में नई कार्यकारिणी के लिए अध्यक्ष पद हेतु गुरप्रीत सिंह नैन ने सतपाल जिंदल को प्रधान पद हेतु नामित किया जिसका अनुमोदन कामरेड अजमेर सिंह ने किया। इसी प्रकार महासचिव के लिए नरेंद्र ग्रोवर ने डॉ. नैब सिंह मंडेर का नाम नामित किया और कैप्टन जगजीत सिंह ने अनुमोदन किया।

**मांग** गांव-देहात के विकास को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है प्रदेश सरकार: बराला

# सांसद से मिले सरपंच, 21 लाख के काम करवाने की घोषणा को लागू करने की मांग

**सांसद ने दिया आश्वासन, मांगों को जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

प्रदेश सरकार द्वारा 21 लाख रुपये तक के काम पंचायतों के जरिए करवाने की घोषणा को अब तक लागू न किए जाने से खफा जिलेभर के सरपंच मंगलवार को हरियाणा सरपंच एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष रणबीर गिल समैण के नेतृत्व में राज्यसभा सांसद सुभाष बराला से मिले और उनकी समस्याएं रखी। सरकार की घोषणा के अनुसार 21 लाख रुपए तक के काम के पैसे पंचायतों के खाते में आने चाहिए। मगर अभी भी टेंडर प्रक्रिया से काम हो रहे हैं। पंचायतों के खातों में पैसे नहीं आ रहे हैं जबकि सरकार ने अनाउंस किया था कि 21 लाख रुपए तक के काम पंचायत अपने स्तर पर करवा सकती है। सरपंचों पंचायत स्तर पर आ रही व्यावहारिक एवं तकनीकी समस्याओं को विस्तार से रखा और अपनी मांगों को लेकर एक लिखित मांगपत्र सौंपा। सांसद बराला ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा। सरकार पहले भी सरपंचों की कई मांगों को पूरा कर चुकी है और अब भी सभी व्यवहारिक मांगों को सहानुभूतिपूर्वक स्वीकार करके हल किया जाएगा।



**फतेहाबाद।** सांसद सुभाष बराला को मांग पत्र सौंपते सरपंच।

#### सांसद खेल महोत्सव के लिए युवाओं को करें प्रेरित

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार गांव-देहात के विकास को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है और ग्रामीण क्षेत्र को आधुनिक सुविधाओं से जोडऩे के लिए अनेक योजनाएं लागू की जा रही हैं। सरकार की नीति स्पष्ट है कि गांवों का विकास ही देश की असली प्रगति है। सांसद बराला ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार ग्रामीण बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और रोजगार के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य कर रही है। गांवों में सडक़ों, नालियों, पेयजल व बिजली की व्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ डिजिटल सुविधा और खेलों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि गांवों में रहने वाले लोग भी आधुनिक सुविधाओं से जुडक़र सशक्त और आत्मनिर्भर बनें। सांसद बराला ने सरपंच प्रतिनिधिमंडल से अपील की कि वे अपने-अपने गाँवों के युवाओं को आगामी सांसद खेल महोत्सव के लिए पंजीकरण करवाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि यह खेल आयोजन केवल प्रतियोगिता भर नहीं है, बल्कि यह युवाओं के लिए एक अवसर है जिससे उनमें खेल भावना, अनुशासन और स्वस्थ जीवनशैली का विकास होगा।

## खबर संक्षेप



### एमएम कॉलेज का परिणाम शानदार

**फतेहाबाद।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा द्वारा घोषित बीएड प्रथम वर्ष के परीक्षा परिणाम में मनोहर मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, फतेहाबाद के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन रहा है। शानदार परिणाम के बाद कॉलेज में उत्साह का माहौल रहा। कॉलेज की कार्यवाहक प्राचार्या ने बताया कि कॉलेज की छात्रा सिमरनजीत कौर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 536 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं ममता शर्मा ने 522 अंक लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया और यशलीन राय ने 519 अंकों के साथ तृतीय स्थान पाकर कॉलेज का गौरव बढ़ाया।

### बाढ़ प्रभावित माकन दीवान में लगाया जागरूकता कैंप

**चौपटा।** बाढ़ प्रभावित गांव मानक दीवान में मंगलवार को पशुपालन विभाग द्वारा जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में 130 से अधिक किसानों ने भाग लिया। पशुपालकों को पशुओं के लिए निःशुल्क दवाइयां एवं खनिज मिश्रण वितरित किए गए। पशु चिकित्सक डॉ. महावीर चौधरी ने पशुओं की सुरक्षा हेतु उठाए जाने वाले कदमों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने चारे और पानी का सुरक्षित भंडारण, पशुओं को ऊंचे स्थानों पर ले जाना, दवाइयों का स्टॉक रखने जैसे व्यावहारिक उपाय समझाए।

### आईटीआई में उद्यमिता पखवाड़े का आयोजन

**सिरसा।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिरसा में मंगलवार को जिला स्तरीय उद्यमिता पखवाड़ा-2025 का आयोजन किया गया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में जीएनसी सिरसा से स्निग्धा पॉल ने प्रथम, आईटीआई सिरसा से श्रवण कुमार ने द्वितीय तथा जीएसएसएस शाहपुर बेगू सिरसा से साक्षी ने तृतीय स्थान हासिल किया। स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढुकड़ा से आरजू ने प्रथम, जीएनसी सिरसा से तनुश बंसल ने द्वितीय और जीआईटीआई सिरसा ने ज्योति रानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आइडिया प्रतियोगिता में जीआईटीआई सिरसा से मनप्रीत सिंह प्रथम रहा।

### छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन

**फतेहाबाद।** उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने कहा कि हरियाणा सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर बढ़ रही प्रतिस्पर्धा को ध्यान में रखते हुए अनुसूचित जाति, घुमंतू, अर्ध घुमंतू, टपरीवास, पिछड़े वर्ग तथा सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों के लिए डॉ. बीआर अंबेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। उपायुक्त ने बताया कि आवेदन 31 जनवरी, 2026 तक किए जा सकेंगे। योजना का लाभ वहीं विद्यार्थी उठा सकेंगे जिनके परिवार की वार्षिक आय 4 लाख रुपये से अधिक न हो। योजना के तुरंत आवेदन करें

## एसपी ने पुलिस अधिकारियों की बैठक में दी जानकारी

# साइबर क्राइम को रोकने के लिए नए तकनीकों से लैस होंगे पुलिस कर्मचारी

### बैंक, टेलीकॉम कंपनियों और तकनीकी एजेंसियों के साथ समन्वय बढ़ाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** साइबर अपराध रोकने को लेकर बैठक को संबोधित करते एसपी सिद्धांत जैन। *फोटो हरिभूमि*

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के निर्देशन में पुलिस लाइन के एनजीओ मैस में जिले में बढ़ते साइबर अपराधों को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिले के सभी थाना व यूनिट प्रभारी, साइबर सेल टीम और तकनीकी विशेषज्ञ मौजूद रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए रणनीति बनाना, आमजन को जागरूक करना और पुलिस की कार्यप्रणाली को और अधिक सशक्त बनाना था।

एसपी सिद्धांत जैन ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक साइबर अपराध के मामले में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा पीड़ितों को शीघ्र राहत प्रदान की जाए।सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए कि थानों में दर्ज प्रत्येक साइबर शिकायत का तत्काल संज्ञान लेकर साइबर सेल के साथ मिलकर उसकी जांच करें। इसके साथ ही बैंक, टेलीकॉम कंपनियों और तकनीकी एजेंसियों के साथ समन्वय बढ़ाकर अपराधों के शीघ्र निपटारे पर जोर दिया जाएगा। एसपी ने स्पष्ट किया कि लापरवाही बरतने वाले पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। हम आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल कर अपराधियों को पकडऩे और साइबर अपराधों को न्यूनतम स्तर तक लाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। यह आवश्यक है कि पुलिस हमेशा एक कदम आगे रहे, ताकि अपराधियों को पकडऩे के लिए उन्हें कोई मौका न मिले। बैठक में सहायक पुलिस अधीक्षक दिव्यांशी सिंगला, साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक राहुल कुमार, प्रवाचक उपनिरीक्षक राहुल कुमार, सेना लिपिक सहायक उपनिरीक्षक संदीप कुमार, साइबर सेल प्रभारी उपनिरीक्षक नत्थू राम एवं जिलेभर के साइबर हेल्प डेस्क प्रभारी सहित अन्य साइबर पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रयोग होगा

एसपी ने कहा कि साइबर अपराधी निरंतर नए-नए हथकंडे अपनाकर अपना जाल बिछा रहे हैं। इसलिए पुलिस को भी तकनीकी रूप से हर वक्त अपडेट रहना होगा और अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग कर अपराधियों से हमेशा दो कदम आगे रहना होगा। हमारी रणनीति में नवीनतम साइबर सुरक्षा उपकरण, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा एनालिटिक्स और डिजिटल फॉरेंसिक तकनीक को प्रमुखता दी जाएगी, जिससे अपराधों का पता लगाना और उनका निराकरण तेज और प्रभावी होगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि पूरे जिले में व्यापक साइबर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, जिसमें स्कूल, कॉलेज, गांव और कस्बों में जाकर डिजिटल सुरक्षा, साइबर ठगी और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के उपायों की जानकारी दी जाएगी। विशेष रूप से युवाओं, बुजुर्गों और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को जागरूक किया जाएगा ताकि वे खुद को साइबर अपराधों से सुरक्षित रख सकें।

## पूर्व मंत्री बबली बोले, भ्रमित होने की जरूरत नहीं

# टोहाना में ही बनेगा मेडिकल कॉलेज, जल्द होगा भूमि पूजन



**फतेहाबाद।** गांव रसूलपुर में मेडिकल कॉलेज के लिए प्रस्तावित जमीन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

जिले में मेडिकल कॉलेज को दोबारा से फतेहाबाद में शिफ्ट करने की चर्चाओं पर पूर्व मंत्री देवेन्द्र बबली ने रोक लगाने का काम किया है। पूर्व मंत्री का कहना है कि मेडिकल कॉलेज टोहाना के गांव रसूलपुर में ही बनेगा। मेडिकल कॉलेज को लेकर किसी को भ्रमित होने की जरूरत नहीं है। जल्द ही इसका भूमि पूजन करवाएंगे। पूर्व मंत्री देवेन्द्र बबली मंगलवार को टोहाना में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। बता दें कि पहले जिला मुख्यालय फतेहाबाद में मेडिकल कॉलेज बनना प्रस्तावित था लेकिन बाद में इसे टोहाना के गांव रसूलपुर शिफ्ट कर दिया गया। इसके बाद से फतेहाबाद के लोग मेडिकल कॉलेज यहां से शिफ्ट करने का विरोध कर रहे हैं। 23 जनवरी 2023 को तत्कालीन सीएम मनोहर लाल ने देवेंद्र सिंह बबली के गांव बिढाईखेड़ा में हुए मिलन समारोह में टोहाना हलके के गांव रसूलपुर में मेडिकल कॉलेज बनाने की घोषणा की थी। इसके बाद इस मेडिकल कॉलेज का नाम संत रविदास के नाम पर रखने का भी ऐलान किया गया था।

### जल्द शुरू होगा

पूर्व मंत्री देवेन्द्र बबली ने कहा कि तत्कालीन सीएम मनोहर लाल के बाद नायब सैनी सीएम बने। डीपीआर के लिए एजेंसी के काम फाइनल कर दिए थे। अब फाइनेंस डिपार्टमेंट में भी अप्रूवल हो गया है। उन्होंने कहा कि टोहाना में जो कार्य हमने शुरू करवाए थे। उन सभी कामों को पूरा करवाएंगे।

# टैक्स सरलीकरण से लोगों को लाभ होगा

### भाजपा के जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा ने जीएसटी में सुधारीकरण को सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** पत्रकारों से बातचीत करते बीजेपी जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा।

स्वतंत्रता दिवस पर देशवासियों को जीएसटी टैक्स में राहत देने के वायदे को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने जन्मदिन से पहले पूरा करते हुए देशवासियों को बेहतरीन उपहार देने का काम किया है। यह बात भाजपा के जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा ने मंगलवार को बीजेपी जिला कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कही।

जीएसटी टैक्स सरलीकरण के विषय पर आयोजित प्रेस वार्ता में जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जीएसटी में बदलाव कर देश के हर वर्ग को राहत देने के साथ साथ विकसित भारत निर्माण में एक अनोखी पहल की है।बीजेपी नेता ने कहा कि जब जीएसटी लागू हुआ था, तभी सरकार और तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने बिल्कुल स्पष्ट कर दिया था कि आकलन करने के बाद जनता और व्यापारियों को सुविधा देने के लिए समय-समय पर जीएसटी में सुधार होंगे। कोविड के अर्थव्यवस्था पर प्रभाव के कारण इसमें देरी हुई, लेकिन सुधार योजना के अनुसार हुए। मोदी सरकार ने जीएसटी दरों को व्यापक रूप से युक्तिसंगत बनाने और प्रक्रियागत सुधारों के लिए एक विस्तृत प्रस्ताव तैयार किया था, जिसका उद्देश्य आम आदमी के जीवन को आसान बनाना और अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। ये सुधार हमारे नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाएंगे और सभी के लिए, विशेष रूप से छोटे व्यापारियों और व्यवसायों के लिए व्यापार करने में आसानी सुनिश्चित करेंगे।

### कांग्रेस पर बरसे

प्रवीण जोड़ा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के वैट वाले शासनकाल में कोई एक समान कर दरें नहीं थीं और राज्य प्रवेश कर जैसे अतिरिक्त शुल्क लगाते थे, जिससे सामंजस्य बिगड़ता था। राज्यों में कर रिटर्न, ऑडिट या जुर्माने में कोई एकरूपता नहीं थी, जिससे अनुपालन का बोझ बढ़ता था। विपक्ष के कुछ नेता 40 फीसदी टैक्स स्लैब पर सवाल उठा रहे हैं।

# पुलिस आज से 2 अक्टूबर तक मनाएगी 'सेवा पखवाड़ा', जागरूक करेंगे : एसपी

*जिले में चलेंगे जनहित के बहुपक्षीय अभियान, स्वच्छता से लेकर सडक़ सुरक्षा तक जोरदार मुहिम*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जिले में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक 'सेवा पखवाड़ा' आयोजित किया जाएगा। इस दौरान पुलिस विभाग द्वारा सामाजिक कल्याण, जनजागृति और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए कई विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

### स्वच्छता अभियान चलेगा

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने बताया कि 'सेवा पखवाड़ा' के तहत थानों, चौकियों, पुलिस लाइन तथा आवासीय क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर स्वच्छता अभियान संचालित किया जाएगा। साथ ही, पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधारोपण कार्य भी जोरशोर से किए जाएंगे, जिससे हरियाली बढ़ाने के साथ-साथ स्वच्छ वातावरण का निर्माण हो सके। मोटरसाइकिल रैली, साइकिल रैली, पदयात्रा और प्रभात फेरी जैसे सार्वजनिक आयोजनों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा, ताकि ये कार्यक्रम सुचारु एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सकें।

महिला सुरक्षा, सडक़ सुरक्षा और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। इन अभियानों के माध्यम से आम जनता में सजगता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को प्रोत्साहित किया जाएगा।

पुलिस और नागरिकों के बीच बेहतर संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनके माध्यम से नागरिकों को स्वच्छता, सुरक्षा और कानून के पालन के प्रति जागरूक किया जाएगा।

ट्रैफिक नियमों का पालन सुनिश्चित करने और रात्रिकालीन सडक़ दुर्घटनाओं को रोकने के लिए वाहन चालकों को रिफ्लेक्टर लगाने के प्रति जागरूक किया जाएगा। यह अभियान सडक़ सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम साबित होगा।

## खेल कोटे से लगे 21 कर्मचारी 19 माह से विभाग मिलने के इंतजार में



भट्टूकलां। विभाग का इंतजार करते चयनित कर्मचारी। *फोटो हरिभूमि*

**भट्टूकलां।** पिछले 19 महीनों से लगभग दो दर्जन डी-ग्रुप के कर्मचारी विभाग आवंटन के अभाव में खाली बैठे हैं। उप-तहसील कार्यालय भट्टूकलां में यह सभी कर्मचारी खेल कोटे के अंतर्गत चयनित होकर मार्च 2024 में कमिश्नरी स्तर पर जॉइन हुए थे, परंतु अब तक इन्हें कोई ठोस कार्य या विभाग नहीं सौंपा गया है। हकीकत यह है कि कई जगह सरकारी कार्यालय मे कर्मचारियों का टोटा है वहीं इनकी कोई सुध लेने वाला नहीं है।मिली जानकारी के अनुसार इन चयनित कर्मचारियों को पहले कमिश्नरी कार्यालय से जिला उपायुक्त कार्यालय भेजा गया, वहां से इन्हें खंड स्तर पर तैनात करने का निर्णय लिया गया, परंतु विभागीय असमंजस के कारण अब तक इन्हें कोई निश्चित कार्यभार नहीं मिला है। एक कर्मचारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि, हमारा हाल ऐसा हो गया है जैसे बिना गड़रिया के मवेशी। सुबह से शाम तक ऑफिस में खाली बैठे रहते हैं, ना कोई काम, ना जिम्मेदारी। इन कर्मचारियों को विभागीय जवाबदेही न होने के कारण जहां मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, वहीं वेतन समय पर नहीं मिल रहा।

## साइबर ठगों का नया हथियार

# बैंक खाते, सिम कार्ड व यूपीआई आईडी से हो रही लाखों की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद




**फतेहाबाद।** साइबर थाना। *फोटो :हरिभूमि*

प्रदेशभर में साइबर अपराध का एक नया और खतरनाक चेहरा सामने आया है म्यूल अकाउंट्स के जरिए की जा रही ऑनलाइन ठगी के मामलों में लगातार इजाफा हो रहा है। इस गंभीर साइबर खतरे को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की है। एसपी जैन ने बताया कि साइबर ठग अब बेरोजगार युवाओं, छात्रों और नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को निशाना बना रहे हैं। मामूली पैसों या पार्ट-टाइम जॉब के बहाने ये अपराधी लोगों से उनके बैंक खाते, एटीएम कार्ड, सिम कार्ड, मोबाइल नंबर या यूपीआई आईडी की जानकारी ले लेते हैं। इसके बाद इन खातों का इस्तेमाल किया जाता है धोखाधड़ी के पैसों को एक खाते से दूसरे खाते में भेजने, मनी लॉन्ड्रिंग और अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराध नेटवर्क से जुड़ी गतिविधियों में।म्यूल अकाउंट ऐसा खाता होता है जो किसी आम नागरिक के नाम पर होता है, लेकिन उसका उपयोग साइबर अपराधी करते हैं। खाता धारक को कई बार इस बात की भनक तक नहीं होती कि वह किसी बड़े अपराध में शामिल हो चुका है। ऐसे मामलों में खाता धारक को भी अपराध में सहयोगी या सह-अभियुक्त माना जा सकता है, और उसके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई हो सकती है। फतेहाबाद पुलिस की नागरिकों से अपील की है कि अपने बैंक अकाउंट, सिम कार्ड, यूपीआई आईडी या कोई भी निजी जानकारी किसी को न दे।

## एसडीएम राजेंद्र कुमार ने ली अधिकारियों की बैठक

# सीवर-सेफ्टी टैंक से संबंधित दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

एसडीएम राजेंद्र कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को उपमंडल स्तरीय मैनुअल स्कैवेंजर्स सतर्कता कमेटी की बैठक हुई। बैठक में सीवरेज व सफाई कर्मचारियों से संबंधित मुद्दों पर गहनता से चर्चा की गई। एसडीएम ने निर्देश दिए कि सफाई कर्मचारियों को दस्ताने, जूते व अन्य जरूरी संसाधन हर हालत में उपलब्ध रहे। सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच और उनके प्रशिक्षण के लिए समय-समय पर कैंप लगाए जाने चाहिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि अधिनियम के नियमों की अनुपालना हर हाल में की जाए। सफाई कर्मचारी की सीवर सफाई के दौरान मृत्यु हो जाती है तो आश्रितों को दस लाख रुपये की वित्तीय सहायता का प्रावधान है। सफाई कर्मचारियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वरोजगार से जोड़ा जाए। एसडीएम ने कहा कि बैठक का उद्देश्य सीवर सफाई कार्य के दौरान दुर्घटनाओं को रोकना है।

## डीएमसी ने किया सफाई व्यवस्था का निरीक्षण



फतेहाबाद। श्रीकृष्ण प्रणामी नंदीशाला का निरीक्षण करते डीएमसी संजय बिश्नोई।

**फतेहाबाद।** हरियाणा शहरी स्वच्छता अभियान के अंतर्गत जिला के शहरी क्षेत्रों में निरंतर लोगों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला नगर आयुक्त संजय बिश्नोई ने हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत श्रीकृष्ण प्रणामी नंदीशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं को परखा और स्वच्छता बनाए रखने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण उपरांत डीएमसी संजय बिश्नोई ने भाटिया कॉलोनी का दौरा कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।

**हरिभूमि**

**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9253681005, 7988727916

## 25 सितंबर से चलेगा अभियान, लारवा मिला तो होगा चालान

# मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के लिए जागरूकता जरूरी

### एडीसी ने कहा कि बचाव के लिए सभी विभाग आपसी तालमेल के साथ कार्य करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



**सिरसा।** मलेरिया नियंत्रण कमेटी की बैठक लेते एडीसी। *फोटो हरिभूमि*

जिला स्तरीय मलेरिया नियंत्रण कमेटी की बैठक मंगलवार को अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मच्छर जनित बीमारियों से बचाव एवं नियंत्रण के लिए विभिन्न विभागों की कार्ययोजना की समीक्षा की गई और आवश्यक निर्देश दिए गए।

अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के लिए सभी विभाग आपसी तालमेल के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि बीमारियों से बचाव के लिए स्वच्छता व जागरूकता बेहद जरूरी है। बच्चों को जागरूकता का प्रभावी माध्यम मानते हुए स्कूलों में प्रार्थना सभा या कक्षाओं के दौरान मलेरिया व डेंगू से बचाव के बारे में जानकारी दी जाए, ताकि बच्चे घर जाकर परिवार के सदस्यों और आसपास के लोगों को भी जागरूक कर सकें। अतिरिक्त उपायुक्त ने निर्देश दिए कि 25 सितंबर से अभियान चलाया जाए और कहीं पर भी लारवा पाया जाता है तो संबंधित का चालान किया जाए।

उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपने-अपने कार्यालयों में कूलर, गमलों या अन्य कहीं पर भी पानी एकत्रित है, तो सप्ताह के हर शुक्रवार को ड्राई-डे के तौर मनाते हुए साफ-सफाई की जाए और कहीं पर भी पानी एकत्रित है, उसको साफ किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति या संस्था निर्देशों का पालन नहीं करती और उसके कारण मच्छरों के पनपने की संभावना बनती है, तो उनके खिलाफ चालान जारी किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस संबंध में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अतिरिक्त उपायुक्त ने आमजन से अपील की कि अपने घरों और आसपास के क्षेत्रों को साफ रखें और पानी को जमा न होने दें।

### विभिन्न विभागों के अधिकारी रहे मौजूद

सिविल सर्जन डा. महेंद्र कुमार भादू, जिला मलेरिया अधिकारी डा. गौरव अरोड़ा, महामारी रोग विशेषज्ञ डा. संजय ने डेंगू की वर्तमान स्थिति, मच्छर जनित बीमारियों के पनपने के कारण इनके निदान बारे सावधानियों व विभागों के इस दिशा में किए जाने वाले कार्यों के बारे में प्रकाश डाला। बैठक में स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, नगर परिषद, पंचायत विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने अपने-अपने स्तर पर किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी और आगामी गतिविधियों की योजना साझा की।